**HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN**
**BENCH AT JAIPUR**

S.B. Civil Writ Petition No. 16191/2010

Jaiboonissa Alias Jaiboon

----Petitioner

Versus

State Of Raj And Ors

----Respondent

---

| | | |
|---|---|---|
| For Petitioner(s) | : | Mr. N.K. Singhal |
| For Respondent(s) | : | Mr. Archit Bohra |

---

**HON'BLE MR. JUSTICE PRAVEER BHATNAGAR**

**Order**

**09/02/2026**

इस न्यायालय के आदेश दिनांक 23.09.2025 व 13.01.2026 के द्वारा स्पष्ट रूप से प्रत्यर्थीगण को यह निर्देशित किया जाता रहा है कि वह इस तथ्य के संदर्भ में स्पष्ट शपथपत्र मय सुसंगत दस्तावेजात को प्रस्तुत करें कि क्या याची को नियम 86(4) राजस्थान सिविल सेवा नियम, 1951 के अंतर्गत आक्षेपित आदेश पारित करने से पूर्व कोई नोटिस दिया गया है या नहीं।

उपरोक्त संदर्भ में प्रत्यर्थी के विद्वान् अधिवक्ता एक अवसर चाहते हैं। उक्त प्रकरण एक विधवा के पति की पेंशन से संदर्भित है, जिसमें उसके पति द्वारा विभाग में नियमित रूप से नियुक्त होने के उपरांत सेवाएं प्रदत्त की गई हैं। प्रकरण इस न्यायालय के समक्ष मृतक अब्दुल रशीद की पत्नी द्वारा पेंशन हेतु वर्ष 2010 में संस्थित किया गया है और 16 वर्ष की अवधि अपने आपमें इस बात को बताने के लिए पर्याप्त है कि प्रकरण में विभाग द्वारा येनकेनप्रकारेण अनावश्यक रूप से विलंब कारित किया गया है।

अतः ऐसी स्थिति में संबंधित अधिवक्ता को यह निर्देशित किया जाता है कि आगामी तिथि बहस करें, बहस नहीं करने पर गुणावगुणों के आधार पर प्रकरण का निस्तारण कर दिया जाएगा।

प्रकरण दिनांक 18.02.2026 को सूचीबद्ध हो।

(PRAVEER BHATNAGAR),J

BISRAT ALI/105